Title: Need to link Lumbini (Nepal) −Khanua-Nautanwan- Kushinagar road with Boudh Paripath - Laid.

कुँवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ0प्र0): खनुवा-नौतनवां-ठूठीबारी-नीचलौल-सिसवां-कप्तानगंज से होकर लुम्बिनी को कुशीनगर से जोड़ने वाले मार्ग को बौद्ध परिपथ में शामिल न किये जाने के कारण वहां आने जाने वाले तीर्थयात्रियों को लगभग 50 किलोमीटर की दूरी अधिक तय करनी पड़ती है। अगर उक्त मार्ग को बौद्ध परिपथ में शामिल कर लिया जाता है तो नेपाल से भारत में गौतम बुद्ध की निर्वाण स्थली के दर्शन करने वाले दर्शनार्थियों को कुशीनगर तक यात्रा करने के लिए लगभग 50 किलोमीटर की दूरी कम तय करनी पड़ेगी। इस मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव भी कम होगा और भारत-नेपाल के मध्य आवागमन के साधन भी विकसित होंगे। इससे विदेशी पर्यटकों के आवागमन में वृद्धि होगी और भारतीय पर्यटन उद्योग का विकास हो सकेगा। मैं अपने क्षेत्र की समस्त जनता और गौतम बुद्ध की जन्म स्थली व निर्वाणस्थली के दर्शनार्थियों की तरफ से केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि लुम्बिनी (नेपाल) - खनुवा-नौतनवां-ठूठीबारी-नीचलौल-सिसवां-कप्तानगंज-कुशीनगर मार्ग को बौद्ध परिपथ में सम्मिलित कर प्राथमिकता के आधार पर इसका शीघ्र निर्माण कराया जाए।